उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(विकास शाखा)

दिनांक 21.11.2017 को सम्पन्न DMFT (District Mineral Foundation Trust) के न्यास परिषद की बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति पंजी के अनुसार

उपायुक्त महोदया द्वारा बैठक में उपस्थित सभी माननीय जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों का अभिवादन करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने के लिए जिला योजना पदाधिकारी–सह–प्रभारी पदाधिकारी, विकास शाखा, रामगढ़ को निदेशित किया गया।

बैठक में उपस्थित सभी माननीय जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को उपलब्ध करायी गयी Booklet की विषय–वस्तु के संबंध में जिला योजना पदाधिकारी–सह–प्रभारी पदाधिकारी, विकास शाखा, रामगढ़ द्वारा विस्तार से बताया गया। Booklet में संकलित बैठक की कार्यावली, कार्यान्वित योजनाओं का प्रगति प्रतिवेदन/Success Story एवं अगले वर्ष के लिए प्रस्तावित योजनाओं की सूची के बारे में विस्तार से स्पष्ट किया गया। तदोपरान्त दिनांक 18.08.2017 को सम्पन्न न्यास परिषद की बैठक में लिये गये निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की गयी :–

1. **अनुमोदित योजनाओं के DPR का प्रस्तुतीकरण**

- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग–सह–रामगढ़ द्वारा पूर्व की बैठक में अनुमोदित योजनाओं में से तैयार किये गये दो योजनाओं यथा : गोला एवं पतरातु प्रखण्ड में मार्केट कॉम्प्लेक्स के निर्माण के DPR का प्रस्तुतीकरण किया गया। DPR प्रस्तुतीकरण के पश्चात् समिति द्वारा सर्वसम्मति से पतरातु तथा गोला मार्केट कॉम्प्लेक्स का कार्य प्रारम्भ कराने का निर्णय लिया गया।
- विधि–व्यवस्था संधारण हेतु CCTV/Drone Camera के क्रय करने की आवश्यकता एवं उपयोगिता के संबंध में पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ द्वारा विस्तार से सभी जनप्रतिनिधियों को बताया गया। इस पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गयी।
- रामगढ़ शहरी पेयजलापूर्ति योजना के जीर्णोद्धार से संबंधित मात्र यांत्रिक कार्यों के लिए प्राप्त प्राक्कलन पर चर्चा की गयी। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ को निदेश दिया गया कि वे इससे संबंधित सिविल कार्यों यथा : पाईप लाईन मरम्मति आदि का DPR तैयार कर यथाशीघ्र प्राक्कलन समर्पित करें ताकि समेकित रूप से इसकी स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्यान्वयन कराया जा सके।
- दिव्यांगों को कृत्रिम अंग/उपस्कर/उपकरण वितरण हेतु सर्वे कार्य के लिए निम्नवत् तिथि निर्धारित की गयी।

क्र.	प्रखण्ड	निर्धारित तिथि
1	रामगढ़	04-12-2017 एवं 05-12-2017
2	गोला	06-12-2017 एवं 07-12-2017
3	पतरातु	08-12-2017 एवं 09-12-2017
4	माण्डू	11-12-2017 एवं 12-12-2017
5	दुलमी	13-12-2017 एवं 14-12-2017
6	चितरपुर	15-12-2017 एवं 16-12-2017

उपस्थित माननीय जनप्रतिनिधियों/मुखिया/उप मुखिया से अनुरोध किया गया कि वे दिव्यांगों के कृत्रिम उपस्करों की माप एवं आवश्यकता के परीक्षण तथा अन्य दिव्यांगों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की सूची तैयार करने के कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए शत–प्रतिशत दिव्यांगों को अच्छादित करना सुनिश्चित करें।

- सभी अनुमोदित योजनाओं का DPR तैयार करने हेतु निर्धारित एजेन्सियों को 15 दिनों के अन्दर समर्पित करने का निदेश दिया गया।

2. नई योजनाओं का अनुमोदन

अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, राँची के पत्रांक 3756 दिनांक 10.08.2017 में उल्लेखित पेयजलापूर्ति की चार बड़ी योजनाओं पर चर्चा की गयी। अनुमोदित पेयजलापूर्ति की योजनाओं के संबंध में कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा बताया गया कि पूर्व में अनुमोदित पेयजलापूर्ति की योजनाओं के साथ निम्नवर्णित योजनाओं को शामिल कर लेने के बाद सम्पूर्ण रामगढ़ जिला पाईप लाईन जलापूर्ति से शत–प्रतिशत आच्छादित हो जाएगा। योजनावार विवरणी निम्नवत् है :–

(राशि लाख में)

क्र.	योजना का नाम	प्रखण्ड	प्राक्कलित राशि
1	माण्डू प्रखण्ड के अनाच्छादित ग्रामों की जलापूर्ति योजना।	माण्डू	13230.00
2	गोला प्रखण्ड के अनाच्छादित ग्रामों की जलापूर्ति योजना।	गोला	10163.00
3	पतरातु प्रखण्ड के अनाच्छादित ग्रामों की जलापूर्ति योजना।	पतरातु	14675.00
4	रामगढ़, चितरपुर एवं दुलमी प्रखण्ड के अनाच्छादित ग्रामों की जलापूर्ति योजना।	रामगढ़, चितरपुर एवं दुलमी	10045.00
	कुल		48113.00

इन सभी योजनाओं को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। साथ ही, माण्डू प्रखण्ड अन्तर्गत दामोदर नदी के किनारे शवदाह गृह तथा पतरातु प्रखण्ड में शवदाह गृह निर्माण की योजना को भी अनुमोदित किया गया।

इसके साथ–साथ स्थानीय ग्रामीणों के लिए पेयजलापूर्ति, सिंचाई एवं Ground Water Level Maintanace के लिए IAG डैम के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव रखा गया। सर्वसम्मति से इसका DPR तैयार कराने का निर्णय लिया गया।

3. अन्यान्य

स्वच्छ भारत मिशन के तहत् Solid Waste Management, साफ–सफाई एवं ODF के अन्तर्गत निर्मित शौचालयों के Proper Use के लिए आम जनता को जागरूक करने हेतु सभी मुखिया/उपमुखिया को जिम्मेवारी सौंपी गयी।

सी0सी0एल0 क्षेत्रों में व्याप्त गंदगी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सी0सी0एल0 महाप्रबंधकों को निदेश दिया गया कि इस पर वे विशेष ध्यान देकर अपने–अपने क्षेत्रों को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाना सुनिश्चित करेंगे।

अन्त में सधन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

ह0/–
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
न्यास परिषद्, DMFT,
रामगढ़।

ज्ञापांक 1348 /वि0 रामगढ़ दिनांक 25/11 /2017

प्रतिलिपिः– **सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।**

25/11/17

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
न्यास परिषद्, DMFT,
रामगढ़।